>

Title: Need to improve and augment the tele-communication services in Amreli Parliamentary Constituency of Gujarat -laid.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में दूरसंचार की सेवा संतोषजनक नहीं है जबकि देश के हर भाग ने दूरसंचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र में दूरसंचार विकास कार्य की जो सुविधा मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पा रही है। पूर्व में इस संबंध में सरकार का ध्यान इस ओर पत्र के माध्यम से, सदन में प्रश्न करवा कर हमने किया, परन्तु अभी तक इस संबंध में सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। अभी हाल ही में सौराष्ट्र में भीÂषण बारिश हुई जिसकी वजह से टेलीफोन के तारों में पानी चले जाने से टेलीफोन व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो गई जिसे अभी तक ठीक नहीं किया गया। इस जिले में अभी तक महाप्रबंधक का पद कई महीनों से खाली पड़ा हुआ है और डब्ल्यू.एल.एल. एवं टॉवर भी काम नहीं कर रहे हैं और आवश्यकता से कम हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में बाढ़ से हुए खराब टेलीफोन को ठीक किया जाये और दूरसंचार की सुविधा टेलीफोन उपभोक्ता को संतोÂ◌ाजनक ढंग से एवं अच्छी तरह से दी जाये और आवश्यक विकास कार्य जो लम्बित है उसे तत्काल पूरा किया जाये।

* Treated as laid on the Table of the House.